प्रेस नोट

31 दिसम्बर 2022 को नववर्ष 2023 आगमन के दौरान यातायात पुलिस कार्यवाही

दिनांकः–01.01.2023

श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में, श्री साहबसिंह नि.पु., श्रीमती निशा भटनागर नि.पु., श्री गोविन्द व्यास नि.पु., श्री बंशीलाल नि.पु., श्री गोरधनराम नि.पु. यातायात के नेतृत्व में दिनांक 31.12.2022 को नववर्ष 2023 आगमन के दौरान यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों व नाकाबन्दी पॉईन्टों पर डयूटी के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध **कुल 310** एमवीएक्ट की कार्यवाही की गई जिसमें 20 मोटरसाईकिल चालकों, 14 कार चालकों तथा 01 ऑटो रिक्शा चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चालने पर 185 एमवीएक्ट की कार्यवाही की गई। तथा 04 मोडिफाई साईलेन्सर (पटाखे जैसी तेज आवाज) करने वाली मोटरसाईकिल चालकों के विरूद्ध एमवीएक्ट की कार्यवाही की गई। **कुल 35** वाहन चालक शराब के नशे में पाये गये। जिनके वाहन जब्त कर चालकों को जमानत पर छोडा गया।

ओलम्पिक तिराहा पर रात्रि कालीन नाकाबन्दी के दौरान श्री रतनलाल हैकानि 984 मय टीम द्वारा डयूटी के दौरान एक मोटरसाईकिल त्श्र 19 ब्ध 7074 को रूकवाया पर वाहन चालक भागने लगा, जिसे प्रयास कर पकडा गया। अलताफ पुत्र श्री सफी मोहम्मद निवासी जोधपुर से पूछताछ करने पर मोटरसाईकिल चोरी की होना पाया जाने पर पुलिस थाना सरदारपुरा को सूचित कर वाहन व वाहन चालक को थाना सरदारपुरा को सुपूर्द किया।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर